जिला कलेक्टर ने अनन्त चतुर्दशी शोभायात्रा की तैयारियों की बैठक ली

कोटा, (निसं)। अनन्त चतुर्दशी शोभायात्रा की तैयारियों की समीक्षा बैठक शुक्रवार को जिला कलक्टर ओपी बुनकर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें पुलिस अधीक्षक शहर केसर सिंह, आयोजन समिति की अध्यक्ष महामंडलेश्वर डॉ. हेमा सरस्वती सहित प्रशासनिक, पुलिस अधिकारी एवं आयोजन समिति के पदाधिकारी तथा अखाडों के संचालक उपस्थित रहें।

जिला कलेक्टर ने कहा कि कोटा अनन्त चतुर्दशी पर्व प्रदेशभर में विख्यात है इसके आयोजन में सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से की जायेंगी। आयोजन समिति निर्धारित मार्ग का उपयोग कर इस प्रकार की व्यवस्था करें कि आम नागरिकों अथवा अन्य समाजों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने कहा कि शोभायात्रा को सुव्यवस्थित रखने की जिम्मेदारी प्रशासन के साथ-साथ आयोजकों की भी है। वे सम्पूर्ण मार्ग में वॉलंटियर्स तैनात कर निर्धातिर समयावधि का पालन करते हुए गंतव्य स्थान तक पहुंचे। उन्होंने जुलूस मार्ग में सड़क मरम्मत, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, रोशनी की व्यवस्था के साथ मेडिकल सुविधाएं समय पर पूरी करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए। उन्होंने मूर्तियों के विसर्जन स्थल पर रोशनी, बेरिकेट्स व नाव आदि की व्यवस्था समय पर करने के निर्देश दिए।

बिना लाइसेंस अखाड़े नहीं शामिल होंगे:- पुलिस अधीक्षक शहर ने कहा कि शोभायात्रा आयोजन में आयोजन समिति व अखाड़ों द्वारा निर्धारित गाईडलाईन की पालना सभी नागरिकों द्वारा की जाए। इसमें पुलिस प्रशासन के साथ-साथ आयोजकों की भी जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी अखाड़ों के लिए लाइसेन्स अनिवार्य रूप से लेने के निर्देश देते हुए कहा कि बिना लाइसेन्स के अखाड़े पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। उन्होंने आवासीय क्षेत्रों में गणेश पांडाल स्थापना के समय में भी स्थानीय थानों को सूचना देने एवं आवागमन बाधित नहीं करने का आव्हान किया। अतिरिक्त कलक्टर शहर बृजमोहन बैरवा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय राजेश मील ने शोभायात्रा के दौरान की जाने वाली व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। आयोजन समिति अध्यक्ष ने कहा कि जिला प्रशासन व आयोजित समिति संयुक्त रूप से आयोजन को सफल बनाने के लिए सावधानी एवं सतर्कता से कार्य करें। उन्होंने सुझाव दिया कि मुख्य मार्गों पर समय पर मरम्मत व रोशनी का कार्य पूरा कराया जाए,

पीओपी का नहीं होगा उपयोग:- जिला प्रशासन व आयोजन समिति ने निर्णय लिया कि इस बार पीओपी से बनी गणेश प्रतिमाओं का उपयोग अनन्त चतुर्दशी की शोभायात्रा में नहीं किया जाएगा। प्रशासन द्वारा धारा 144 लगाकर ऐसी प्रतिमाओं निर्माण व उपयोग को भी प्रतिबन्धित किया जाएगा। ऐसे लोगों के खिलाफ पुलिस व नगर निगम कार्यवाही करेंगे। कोई भी प्रतिमा 12 फीट से अधिक ऊँचाई की नहीं होगी।

डीजे का नहीं होगा उपयोग:- आयोजन समिति व जिला प्रशासन द्वारा निर्णय लिया गया कि राज्य सरकार के निर्देशों की पालना में शोभायात्रा एवं गणेश प्रतिमा पांडालों में मोडिफाईड डीजे का उपयोग नहीं किया जाएगा। ऐसे डीजे पाए जाने पर वाहनों व डीजे संचालकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। आयोजन समिति भी शोभायात्रा में साधारण स्पीकर एवं बैण्ड-बाजा का उपयोग करेंगे।

शोभायात्रा में लगभग 70 अखाड़े व 120 झांकियां के शामिल होने की सम्भावना रहेगी। जिसमें क्षेत्रवार अखाड़ों की सूची बनाकर आयोजन समिति जिला प्रशासन को उपलब्ध कराएगी। निर्धारित स्थानों पर ही अखाड़ों का प्रदर्शन होगा जिसमें सामूहिक रूप से धार-धार हथियारों, ट्यूबलाईट, मोटर साईकिल करतब व ज्वलनशील पदार्थों का उपयोग नहीं किया जाएगा। प्रतिमाओं की ऊँचाई 12 फीट से अधिक नहीं होगी। पीओपी की प्रतिमा बनाने वालों के खिलाफ आयोजन समिति व प्रशासन कार्यवाही करेंगे। प्रतिमाओं का विसर्जन स्थल किशोर सागर की पाल बारदरी पर सांय 8 बजे से शोभायात्रा की प्रतिमाओं का विसर्जन शुरू होगा।

शोभायात्रा मार्ग में पड़ने वाली गलियों में बेरिकेटिंग की जाएगी। मार्ग में नाश्ता, जलपान आदि के अपशिष्ट की सफाई के लिए नगर निगम प्रत्येक अखाड़े के साथ टीम नियुक्त करेगी। चम्बल नदी में अन्दर प्रतिमाओं को विसर्जन प्रतिबन्धित रहेगा। पूर्व में निर्धारित यात्रा मार्ग व विसर्जन स्थल का ही उपयोग किया जाएगा। इस अवसर पर अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन राजकुमार सिंह, आयुक्त नगर निगम राजपाल सिंह, उपायुक्त गजेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इंटेलीजेंस भगवंतसिंह हिंगड़, उपाधीक्षक अमर सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं आयोजन समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

जिला कलेक्टर ओ.पी. बुनकर (बीच में) ने अनन्त चतुर्दशी शोभायात्रा के आयोजन को लेकर बैठक ली जिसमें अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

■ 'पीओपी की प्रतिमाओं का उपयोग नहीं होगा, डीजे भी प्रतिबन्धित रहेगा'

विभिन्न कृषि उद्यमों के श्रेष्ठ किसान सम्मानित होंगे

कोटा, (निसं)। जिले में आत्मा योजना के तहत विभिन्न कृषि उद्यमों के श्रेष्ठ कृषकों को जिला तथा पंचायत समिति स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा।

उपनिदेशक कृषि एवं पदेन पीडी आत्मा रविन्द्र कुमार जैन ने बताया कि कृषि सुधार कार्यक्रम के तहत जिले की प्रत्येक पंचायत समिति में कृषि से संबद्ध गतिविधियों कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन व डेयरी, जैविक खेती तथा नवाचारी खेती में एक-एक किसान का चयन किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि इसी प्रकार जिले की कुल पांच पंचायत समितियों में अधिकतम 25 प्रगतिशील कृषक पुरस्कृत हो सकेंगे। पंचायत समिति स्तर पर चयनित किसानों में से प्रत्येक गतिविधिवार दो किसान कुल 10 श्रेष्ठ किसानों को जिला स्तर पर चयनित किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि राज्य स्तर के पुरस्कार के लिए जिला स्तर पर प्रथम स्तर के चयनित किसानो में से प्रत्येक गतिविधि के लिए दो-दो किसानों का चयन किया जायेगा। आत्मा योजना के तहत पुरस्कृत कृषक वर्ष पुरस्कार के लिए पात्र नहीं होंगे।

उन्होंने बताया कि पुरस्कार के लिए प्रत्येक गतिविधिवार पंचायत समिति स्तर पर 10 हजार रूपये जिला स्तर पर 25 हजार रूपये एवं राज्य स्तर पर 50 हजार रूपये का पुरस्कार तथा प्रशस्ति पत्र दिए जाने का प्रावधान है।

उन्होंने बताया कि पुरस्कार के लिए आवेदक कृषक अपना आवेदन विभाग द्वारा निर्धारित प्रपत्र में भरकर उत्कृष्ट कार्यो की जानकारी मय सीडी एवं फोटो ग्राफ, प्रमाण-पत्र यदि कोई है, सहित कृषि पर्यवेक्षक, सहायक कृषि अधिकारी, सहायक निदेशक कृषि विस्तार सांगोद, जिला विस्तार अधिकारी सीएडी एवं सुल्तानपुर पशुपालन विभाग उद्यान विभाग के माध्यम से उप निदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक को प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि बताया कि आवेदन भिजवाने की अंतिम तिथि 31 अगस्त है।

डॉ. कृष्णगोपाल कल कोटा में

कोटा, (निसं)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाहक डॉ. कृष्णगोपाल रविवार को कोटा प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान विद्या भारती की ओर से महावीर नगर स्थित श्रीरामशांताय सभागार में प्रात: 10.30 बजे पूर्व छात्र छात्राओं के कार्यक्रम 'धरोहर-2022' आयोजित किया जाएगा। डॉ कृष्णगोपाल कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाग लेंगे। कार्यक्रम में भारतीय रेलवे की उप मुख्य परिचालन प्रबंधक गुंजन गुप्ता भारद्वाज मुख्य अतिथि होंगी। वहीं अध्यक्षता शिव एडिबल लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सौरभ साबू करेंगे। 'व्याख्यान माला में लेंगे भाग'-डॉ. कृष्णगोपाल शाम को 4.30 बजे स्व. जयदेव पाठक स्मृति व्याख्यानमाला को भी संबोधित करेंगे।

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2022/1033 विज्ञप्ति दिनांक:-05.08.2022

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम नान्ता में स्थित कृषि भूमि योजना पार्श्वनाथ सिटी खसरा नं. 1254 में स्थित भूखंड संख्या 75 आवेदक श्री शिवा कुमार धामेजा पुत्र श्री भगवान धामेजा निवासी 338 खाल की गली टिपटा कोटा राज. नाम हस्तान्तरण हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखंड का पट्टा आदेश क्रमांक 1245 दिनांक 22.10.2018 को श्री सात्विक जैन पुत्र श्री मनोज जैन के नाम जारी किया गया था। पट्टाधारी द्वारा उक्त भूखंड का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 10.12.2020 को जर्ये मुख्तारआम श्री रितिक दाधीच पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार दाधीच द्वारा आवेदक के पक्ष में किया गया है।

अत: श्री शिवा कुमार धामेजा पुत्र श्री भगवान धामेजा के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

कार्यालय प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, बून्दी

क्रमांक/स्टोर/2022/1343 दिनांक-05.08.2022

संशोधित निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रमुख चिकित्सा अधिकारी जिला अस्पताल बून्दी के विभिन्न विभागों के अनुपयोगी सामान यथा लोहा, प्लास्टिक एवं स्टील, लकड़ी जिनका पुस्तक मूल्य राशि रु. 14,16,819/-है, नीलामी की दिनांक 25.08.2022 को दोपहर 12.00 बजे इस कार्यालय के प्रांगण में की जावेगी। नीलामी के इच्छुक व्यक्ति नीलामी की शर्तों को कार्यालय समय में अवलोकन कर सकते है। नीलामी सूचना व शर्ते sppp.raj.nic.in पर भी देखी जा सकती है।
UBN NO. MHS 2223 SL0B02768 है।

प्रमुख चिकित्सा अधिकारी बून्दी

कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण (राज.)

क्रमांक:-ननिको/जोन-प्रथम/भ.नि.अनु./2022/4563 दिनांक: 04.08.2022

स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मुनेश गुप्ता पुत्र स्व. श्री नन्द लाल गुप्ता निवासी आवास संख्या 2-बी-15 तलवण्डी कोटा (राज.) ने नगर निगम कोटा दक्षिण में आवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 2-बी-15 तलवण्डी कोटा क्षेत्रफल 216 वर्ग मीटर का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तांतरण करने का निवेदन किया है। आवास संख्या 2-बी-15 तलवण्डी कोटा क्षेत्रफल 216 वर्ग मीटर का आवंटन राजस्थान आवासन बोर्ड जयपुर द्वारा पत्र क्रमांक H2/KT/TV/M2/50/73/79-80/7133 दिनांक 17.09.1981 से श्री नन्द लाल गुप्ता पुत्र श्री कल्याण चन्द गुप्ता को किया गया। श्री नन्द लाल गुप्ता का देहावसान दिनांक 30.09.2020 को हो जाने के उपरान्त श्री नन्द लाल गुप्ता के विधिक वारिसान श्रीमती सन्तोष गुप्ता पत्नी स्व. श्री नन्द लाल गुप्ता एवं श्रीमती गरिमा कुलभूषण जैन पुत्री स्व. श्री नन्द लाल गुप्ता ने जर्ये रजिस्टर्ड रिलीज डीड दिनांक 27.10.2020 से उक्त आवास में से स्वयं का हक श्री मुनेश गुप्ता पुत्र स्व. श्री नन्द लाल गुप्ता के पक्ष में त्याग दिया है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण में उक्त आवास के नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त आवास का स्वामित्व नाम हस्तान्तरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी उक्त आवास से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त, नगर निगम कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण

पश्चिम मध्य रेल्वे

सामग्री प्रबंधन विभाग

(भंडार आपूर्ति हेतु 'इ'-निविदा सूचना, संख्या EPS/30/2022

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते हैं । कोई भी हस्तालिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे । पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए वेबसाइट https://ireps.gov.in" पर 'ई' निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की सकती है ।

Sr. No.	Tender No	Short Description	Tender Qty
1	10224303	Overhauling kit of SAB WABCO Air Dryer	18 Set
2	20222856	Digital Notch indicator	36 Nos.
3	20211976D	Signalling Horn	184 Nos.
4	30221640	Control Arm Assembly	147 Set.
5	30221639	Control Arm Assembly	120 Set.
6	30221056A	Anchor Link To Icf	1908 Nos.
7	38224117	Polly Ring-3 Of Constant Polyurethane	11030 Nos.
8	38222405	Bolster Suspension Spring Outer	10758 Nos.
9	40222202	Valve regulated lead acid single cell	69 Sets.
10	40225029	Supply and Erection of Control and Relay panel	04 Nos.
11	34223073	Paint Enamel Synthetic Exterior finishing white	23363 Ltr.
12	62221006	Curtain Cloth For AC	10968Metre
13	80211158	Supply of Inoculumns (Seeding Bacteria)	252470 Ltr.
14	80211971	Heat Transfer Fluid Clariant	5000 Kgs.
15	20223186	Vacuum circuit breaker	19 Nos.

Sr. No. 1 to 15 Tender Opening date : 01.09.2022.

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर

कोरोना को हराना है, तो टीका लगवाना है

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 1911 जाहिर आम सूचना दिनांक: 4.8.22

आवास संख्या 3-एफ-3 दादाबाड़ी कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्रीमती हजरा बेगम पत्नी श्री शराफत हुसैन को किया गया था। श्रीमती हजरा बेगम पत्नी श्री शराफत हुसैन द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये इकरारनामा, मुख्तारनामा आम एवं वसीयतनामा आलेखित कर दिनांक 13.07.1982 को श्री दिनेश चन्द्र पुत्र श्री नत्थी लाल को किया गया। अन्तिम क्रेता श्री दिनेश चन्द्र की मृत्यु दिनांक 01.05.1998 को हो जाने के पश्चात उनकी पत्नी श्रीमती गंगा देवी पत्नी स्व. श्री दिनेश चन्द्र द्वारा उक्त आवास के समस्त मूल प्रपत्र प्रस्तुत कर आवास का नियमितिकरण अपने स्वयं के नाम करने हेतु आवेदन किया गया है।

अत: उक्त आवास का नियमितिकरण श्रीमती गंगा देवी पत्नी स्व. श्री दिनेश चन्द्र के नाम करने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि इस आवास का नियमितिकरण श्रीमती गंगा देवी पत्नी स्व. श्री दिनेश चन्द्र के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का नियमितिकरण श्रीमती गंगा देवी पत्नी स्व. श्री दिनेश चन्द्र के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 1915 जाहिर आम सूचना दिनांक: 4.8.22

आवास संख्या 4-यू-6 तलवण्डी कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्रीमती मांगी बाई पत्नी श्री हीरा लाल वर्मा को किया गया था। श्रीमती मांगी बाई पत्नी श्री हीरा लाल वर्मा द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये इकरारनामा, मुख्तारनामा आम एवं वसीयतनामा आलेखित कर दिनांक 27.08.1984 को श्री प्रभू लाल पुत्र श्री जगन्नाथ को किया गया। अन्तिम क्रेता श्री प्रभू लाल की मृत्यु दिनांक 04.01.1999 को हो जाने के पश्चात उनके पुत्र श्री रमेशचन्द मोदी पुत्र स्व. श्री प्रभू लाल द्वारा उक्त आवास के समस्त मूल प्रपत्र प्रस्तुत कर आवास का नियमितिकरण अपने स्वयं के नाम करने हेतु आवेदन किया गया है।

अत: उक्त आवास का नियमितिकरण श्री रमेशचन्द मोदी पुत्र स्व. श्री प्रभू लाल के नाम करने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि इस आवास का नियमितिकरण श्री रमेशचन्द मोदी पुत्र स्व. श्री प्रभू लाल के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का नियमितिकरण श्री रमेशचन्द मोदी पुत्र स्व. श्री प्रभू लाल के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 1904 जाहिर आम सूचना दिनांक - 3.8.22

आवास संख्या 5-सी-16 महावीर नगर विस्तार योजना कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री हरीशचंद जेठी पुत्र श्री शम्भूलाल जेठी को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री हरीशचंद जेठी पुत्र श्री शम्भूलाल जेठी द्वारा दिनांक 23.04.2009 को अपने पक्ष में करवाया जा चुका है। श्री हरीशचंद जेठी पुत्र श्री शम्भूलाल जेठी की मृत्यु दिनांक 06.03.2011 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु हो जाने के उपरांत इनके समस्त वारिसानों श्रीमती लक्ष्मी पुत्री स्व. श्री हरीशचंद जेठी पत्नी श्री विमल कुमार, सुश्री रमा पुत्री स्व. स्व. श्री हरीशचंद जेठी व श्री नवीन जेठी पुत्र स्व. श्री हरीशचंद जेठी द्वारा उक्त आवास में निहित अपने हिस्से का त्याग जरिये रिलीज डीड (त्याग पत्र) आलेखित कर दिनांक 14.08.2014 को अपनी माता श्रीमती कृष्णा जेठी पत्नी स्व. श्री हरीशचंद जेठी के पक्ष में किया गया। श्रीमती कृष्णा जेठी पत्नी स्व. श्री हरीशचंद जेठी का नाम दिनांक 14.10.2014 को मंडल अभिलेख में दर्ज किया जा चुका है। तत्पश्चात श्रीमती कृष्णा जेठी पत्नी स्व. श्री हरीशचंद जेठी द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 31.10.2014 को श्री दिनेश कुमार भाटिया पुत्र श्री हरिराम भाटिया को किया गया। श्री दिनेश कुमार भाटिया पुत्र श्री हरिराम भाटिया द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 04.12.2015 को श्रीमती कान्ति बाई शर्मा पत्नी श्री गोरी शंकर शर्मा को किया गया। श्रीमती कान्ति बाई शर्मा पत्नी श्री गोरी शंकर शर्मा द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मंडल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अत: उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती कान्ति बाई शर्मा पत्नी श्री गोरी शंकर शर्मा के नाम दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती कान्ति बाई शर्मा पत्नी श्री गोरी शंकर शर्मा का नाम दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती कान्ति बाई शर्मा पत्नी श्री गोरी शंकर शर्मा के नाम दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

सार-समाचार

सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाया

कोटा, (निसं)। अतिक्रमा हटाओ अभियान के तहत ग्राम कुन्दनपुर रोड पर सनराईज स्कूल के पीछे व सामने स्थित नगर पालिका की कुल 395 बीघा चारागाह व सरकारी भूमि पर से अतिक्रमण हटवाया। उपखण्ड अधिकारी राजेश डागा ने बताया कि कुन्दनपुर रोड़ पर सनराईज स्कूल के पीछे व सामने स्थित नगर पालिका की कुल 395 बीघा चारागाह व सरकारी भूमि पर अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा अतिक्रमण कर सोयाबीन व धान की खेती की जा रही थी। जिसकी राजस्व विभाग की टीम द्वारा पेमाईस की गई पेमाईस उपरान्त अतिक्रर्मित भूमियों की सीमाओं पर नगर पालिका की जेसीबी द्वारा निशान लगाये गये तथा खसरा नम्बर 111 पर स्वीमींगपूल बना हुआ था। उक्त स्वीमींगपूल तथा मौके पर की जा रही खड़ी फसलों को नगर पालिका के कब्जे में लिया गया। अधिशाषी अधिकारी मनोज कुमार मालव द्वारा बताया कि उक्त जगहों पर जल्द ही पालिका सम्पति का बोर्ड लगाया जावेगा तथा तारबन्दी करवाई जावेगी जिससे दुबारा अतिक्रमण नही कर सकें एवं कब्जे में ली गई चारागाह भूमि को कब्जा कास्त हेतु निलाम किया जावेगा। इस दौरान तहसीलदार नईमुदीन, अधिशाषी अधिकारी मनोज कुमार मालव, भू-अभिलेख निरीक्षक विकाश मीणा मय पुलिस जाब्ता, कृति व्यास प्रशिक्षु आरएएस, सपना कुमारी प्रशिक्षु आरएएस, पटवारी चेतन मेघवाल, भूमि शाखा प्रभारी नवदीप शर्मा, सफाई निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह खंगार, तकनीकी सहायक रोहित तिवारी, कार्यवाहक जमादार हंसराज, कमल कुमार एवं पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

134 परिवारों को भूखंड आवंटित किए

कोटा, (निसं)। नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल की पहल पर जहां कोटा में विकास के नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं वहीं दूसरी ओर विकास के साथ पुनर्वास को भी प्राथमिकता देते हुए प्रभावित लोगों को पुनर्वासित कर बड़ी राहत दी जा रही है इसी कड़ी में शुक्रवार को मुकुंदरा विहार स्पेशल आवासीय योजना के तहत क्षेत्र से हटाए गए 134 अतिक्रमित मकानों के लोगों के पुनर्वास के लिए भूखंडों की लॉटरी न्यास कार्यालय में निकाली गई। न्यास उपसचिव चंदन दुबे ने बताया कि मुकुंदरा विहार स्पेशल आवासीय योजना तहत प्रभावित मकानों को हटाने के बाद उन सभी परिवारों को उसी क्षेत्र में शेष बचे भूखंडों में पुनर्वासित किया जा रहा हैं। लॉटरी प्रक्रिया से सभी को भूखंड संख्या आवंटित की गई है। पुनर्वास के लिए भूखंड आवंटन होने पर आवंटी भी खासे उत्साहित दिखे। न्यास अधिकारियों द्वारा सभागार में मौजूद लोगों से भी लॉटरी पर्ची निकलवाई गई। भूखंड आवंटित होते ही परिवारों के चेहरे खिल उठे उन्होंने सरकार का आभार जताया और कहा अब भूखंड पर वो अपना आशियाने का निर्माण कर सकेंगे। लॉटरी प्रक्रिया के दौरान मुख्य लेखाधिकारी टीपी मीणा पुलिस उपाधीक्षक आशीष भार्गव सहित न्यास अधिकारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्र के आवंटी मौजूद रहे।

विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत वार्ता हुई

कोटा, (निसं)। ब्रेस्ट फीडिंग वीक हर साल 1-7 अगस्त तक मनाया जाता है। जैन सोशल ग्रूप कोटा, संगिनी कोटा, आईएपी व बीपीएनआई के संयुक्त तत्वावधान में मेहता नर्सिंग होम में एक वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता बीपीएनआई के डॉ सीबी दास गुप्ता व डॉ वेद प्रकाश गुप्ता थे। डॉ. सपना मेहता ने भी स्तनपान के महत्व के बारे में प्रकाश डाला। छह माह तक केवल स्तनपान कराने से अनेकों रोग जैसे दस्त, निमोनिया से बचाव के अलावा बच्चे में बीमारियों से लड़ने की क्षमता बढ़ जाती है वह मां को भी स्तन व अंडाशय कैंसर से बचाती हैं। जो बच्चे स्तनपान नहीं करते हैं उनको कुपोषण, मोटापा, दिल के रोग, टाइप-2 मधुमेह होने की अधिक सम्भावना रहती है। अध्यक्ष डॉ. समीर मेहता ने बताया की सभी नर्सिंगकर्मी व स्वास्थ्यकर्मी को स्तनपान संबंधित कौशल में प्रवीण करना हमारा लक्ष्य है ताकि वह मां का सही मर्गदर्शन कर सकें। संगिनी अध्यक्ष निकिता जैन ने सभी को ज्ञानवर्धक बातें बताने के लिए धन्यवाद दिया।

3533 को प्रिकॉर्शन डोज लगी

कोटा, (निसं)। जिले में कोविड टीकाकरण महाअभियान के तहत बुधवार को जिले में 126 केंद्रों पर सेशन आयोजित हुए। इनमें कुल 3533 लोगों को टीके लगे। पहली डोज 12 वर्ष से अधिक आयु के 169 व्यक्तियों को लगी, जबकि दूसरी डोज 391 लोगों ने लगवाई। वहीं, 18 प्लस उम्र के 2973 लोगों ने प्रीकॉशन डोज लगवाई। सीएमएचओ डॉ भूपेन्द्र सिंह तंवर ने बताया कि इस तरह जिले में अब तक आयोजित 71965 सेशन में 1680945 लाभार्थियों को पहली, 1507939 को दूसरी और 130750 को प्रीकॉशन डॉज भी लगाई जा चुकि है। गुरुवार को जिले मे 258 केन्द्रों पर सेशन आयोजित किए जाएगें। इनमें 75 साइट्स पर 12 से 14 आयु वाले बच्चों को कोर्बेवैक्स वेक्सीन की पहली-दूसरी डोज, 86 स्थानों पर 15 से 17 वर्ष आयु वालों को कोवैक्सीन की पहली-दूसरी व 18 प्लस आयु वालों को प्रीकॉशन डोज तथा 97 स्थानों पर 18 प्लस आयु वालों को कोविशील्ड की पहली-दूसरी तथा 18 प्लस आयु वालों को प्रीकॉशन डोज लगाई जाएगी।

आवेदन आमंत्रित

कोटा, (निसं)। भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय वयोश्रेष्ठ सम्मान के लिए वरिष्ठ नागरिक एवं प्रतिष्ठित संस्थाओं के सम्मान के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। उप निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ओमप्रकाश तोषनीवाल ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक एवं प्रतिष्ठित संस्थाओं के सम्मान के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसकी अन्तिम तिथि 19 अगस्त निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि जो आवेदक या संस्था राष्ट्रीय सम्मान के लिए आवेदन करना चाहते हैं वे सभी आवेदक भारत सरकार के नेशनल पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

तिरंगा यात्रा निकाली

कोटा, (निसं)। स्वामी विवेकानंद उच्च माध्यमिक विद्यालय महावीर नगर के छात्र-छात्राओं ने देश के आजादी के 75 वर्ष पर अमृत महोत्सव के तहत शुक्रवार को विभिन्न मार्गों से तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा को विद्यालय के पूर्व छात्र वार्ड पार्षद भानु प्रताप तथा सुनील गौतम ने झंडी दिखाकर रवाना किया। तिरंगा यात्रा विद्यालय से प्रारंभ होकर घटोत्कच चौराहा, महावीर नगर थाना, महावीर नगर तृतीय चौराहा होते हुए दंडवीर हनुमान मंदिर के सामने से विद्यालय पहुंची। यात्रा के दौरान लोगों ने पुष्पवर्षा कर छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया और जोशीले नारे लगाए। सभी छात्र-छात्राओं ने हाथ में तिरंगे ले रखे थे तथा पूरे जोश से "भारत माता की जय", वंदेमातरम के उद्घोष लगाते हुए चल रहे थे। प्रधानाचार्य महेश शर्मा ने बताया की तिरंगा यात्रा में भारत माता की सजीव झांकी साथ में चल रही थी। इस दौरान पार्षद भानु गौड़ और सुनील गौतम ने देश की स्वतंत्रता के लिए बलिदान देने वाले वीरों को याद करते हुए बच्चों को मार्गदर्शन दिया।

'लॉ की उच्च शिक्षा के लिए विद्यार्थियों को शहर से बाहर नहीं जाना होगा'

कोटा, (निसं)। मोदी ग्रुप ऑफ एजुकेशन इंस्टिट्यूशन कोटा द्वारा आज दादाबाड़ी कैंपस मे प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से गत वर्षों में शिक्षा जगत में जो उपलब्धियां गतिविधियां एवं भविष्य में नए कोर्सस की जानकारी वाईस चेयरमैन सुशिल मोदी द्वारा प्रधान की गई जिसमें बताया गया कि मोदी लॉ कॉलेज विधि त्रिवर्षीय पाठयक्रम की शुरुआत करते संपूर्ण हाड़ौती में विधि पंचवर्षीय पाठयक्रम बीए एलएलबी पांच साल इन्टीग्रेटेड कोर्स प्रारंभ करने वाला हाड़ौती का प्रथम महाविद्यालय है।

इसी दिशा में अग्रसर इस सत्र 2022-23 में पोस्ट ग्रेजुएशन स्तर पर भी लॉ के लिए एलएलएम कोर्स प्रारंभ करने वाला प्रथम महाविद्यालय है। कोटा यूनिवर्सिटी द्वारा वाईस चांसलर मेडल व गोल्ड मेडल से मोदी लॉ कॉलेज के विधार्थियो को सम्मानित किया गया। महाविद्यालय द्वारा निरंतर सेमिनार वेबिनार मूट कोर्ट अन्य सामाजिक गतिविधियों निरंतर उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालय, संसद भवन, फोरेंसिक लैब, बाल न्यायालय, सेंट्रल जेल आदि का भ्रमण करवाया जाता है। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ मिलकर लीगल एड क्लिनिक की स्थापना की गई है जिसके अंतर्गत विद्यार्थी पारा लीगल वोलेन्टीयर के रूप में विभिन्न गतिविधियों जैसे गांव चौपाल, नुक्कड़, नाटक, गीत, भाषण व अन्य माध्यमों से गरीबों तक सुलभ न्याय पहुंचाने के उद्देश्य से निरंतर अपनी सेवाए दे रहे है।

निकट भविष्य में विभिन्न डिप्लोमा व सर्टिफिकेट कोर्स की शुरुआत करना 2 पीएचडी कोर्स के सेंटर के रूप में स्थापित करना। 3. उच्चतम न्यायालय व उच्च न्यायालय के न्यायाधिकार